संख्या—cm-275
26/04/2026

मुख्यमंत्री ने मुंगेर जिला के ढोल पहाड़ी तथा उच्चेश्वर नाथ धाम देवघरा, टेटियाबंबर में ईको पर्यटन कार्य का किया शिलान्यास

- सरकार द्वारा ढोल पहाड़ी को एक आधुनिक इको—टूरिज्म हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा 1249 करोड़ रुपये की योजना इसके लिये स्वीकृत की गई है।

- मुख्यमंत्री ने बैजलपुर, लखनपुर, तारापुर आदि जगहों पर किया रोड शो। जनता में भारी उत्साह। मुख्यमंत्री ने लोगों का अभिवादन किया स्वीकार।

- मुख्यमंत्री ने ढोल पहाड़ी स्थित मां दुर्गा के मंदिर में पूजा—अर्चना कर राज्य की सुख—शांति एवं समृद्धि की कामना की।

पटना, 26 अप्रैल 2026 :— मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने आज मुंगेर जिला के असरगंज प्रखंड स्थित ढोल पहाड़ी में ईको पर्यटन कार्य तथा उच्चेश्वर नाथ धाम देवघरा, टेटियाबंबर (मुंगेर) में ईको पर्यटन कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को साइट प्लान एवं प्रपोज्ड ले—आउट के माध्यम से ढ़ोलपहाड़ी एवं उच्चेश्वर नाथ धाम, देवघरा, टेटियाबम्बर के ईको पर्यटन कार्य के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने ढोल पहाड़ी स्थित मां दुर्गा के मंदिर में पूजा—अर्चना कर राज्य की सुख—शांति एवं समृद्धि की कामना की।

ज्ञातव्य है कि ढोल पहाड़ी मुंगेर जिले के असरगंज प्रखंड में स्थित प्राकृतिक सौंदर्य का एक अद्भुत केंद्र है। चारों ओर फैली हरियाली और शांत वातावरण इसे एक आकर्षक पर्यटन स्थल बनाते हैं। असरगंज बाजार से इसकी निकटता होने के कारण स्थानीय और बाहरी पर्यटकों के लिए यहां पहुंचना बेहद सुगम है। पहाड़ी की ऊंचाई से दिखाई देनेवाला आसपास का मनोरम दृश्य प्रकृति प्रेमियों को विशेष रूप से अपनी ओर आकर्षित करता है। धार्मिक दृष्टिकोण से ढोल पहाड़ी का स्थान अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। यहां का प्राचीन शिव मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां सावन के महीने में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार इस स्थान पर भगवान शिव की विशेष कृपा बनी रहती है। ऐतिहासिक रूप से ढोल पहाड़ी अपनी अनूठी चट्टानों और प्राकृतिक ढांचे के लिए जानी जाती है। यह क्षेत्र प्राचीन काल से ही मानव गतिविधियों और लोक—संस्कृति का हिस्सा रही है। स्थानीय लोक कथाओं के अनुसार यह स्थान क्रांतिकारियों का एक गुप्त अड्डा था। अंग्रेज सैनिकों के आने की

सूचना देने के लिए क्रांतिकारी यहां से ढोल बजाकर संदेश देते थे, जिससे इसका नाम 'ढ़ोल पहाड़ी' पड़ा।

वर्तमान में सरकार द्वारा ढोल पहाड़ी को एक आधुनिक इको–टूरिज्म हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके लिए पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा 1249 करोड़ रुपये की योजना स्वीकृत की गई है। इस योजना के तहत पाथ–वे, शुद्ध पेयजल व्यवस्था, सुरक्षा, हरित क्षेत्र विस्तार, विशाल शिव प्रतिमा, पक्के रास्ते, सीढ़ियां, पार्किंग एवं प्रवेश द्वार का निर्माण किया जाएगा। साथ ही यहां भगवान शिव की एक प्रतिमा स्थापित करने की योजना है।

उच्चेश्वर नाथ धाम मुंगेर जिले के टेटिया बम्बर प्रखंड के अंतर्गत देवघरा गांव में स्थित है। यह मंदिर एक ऊंची पहाड़ी पर बना है। इसके चारों ओर घने जंगल और सुंदर पहाड़ हैं। यहां की प्राकृतिक सुंदरता और ऊंचाई मन को मोह लेती है तथा अद्भुत शांति का अनुभव कराती है। श्री उच्चेश्वर नाथ मंदिर को इस क्षेत्र का सबसे पवित्र और जाग्रत शिव मंदिर माना जाता है। इस धाम का इतिहास अत्यंत प्राचीन है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार यहाँ स्थापित शिवलिंग सदियों पुराना है और यह मंदिर क्षेत्र की सांस्कृतिक एवं धार्मिक पहचान का मुख्य आधार है। महाशिवरात्रि और सावन में यहां विशाल मेला लगता है, जहां लाखों श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। इको–टूरिज्म की योजना स्वीकृत की गयी है जिसकी कुल लागत 26.31 करोड़ रुपये है। सरकार द्वारा इस धाम को एक प्रमुख इको–टूरिज्म स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां पर श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए सभी सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। जिससे पर्यटन विकास के साथ–साथ इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और आर्थिक उन्नति होगी।

शिलान्यास कार्यक्रम के पश्चात् मुख्यमंत्री ने बैजलपुर, लखनपुर, तारापुर आदि जगहों पर रोड शो किया। रोड शो के दौरान स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री के पहली बार आगमन पर ढोल–नगाड़ों, आतिशबाजी, पुष्प वर्षा के बीच मिठाइयां बांटकर प्रसन्नता व्यक्त की तथा मुख्यमंत्री का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री ने सबका अभिवादन स्वीकार किया तथा उन्हें धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर विधायक श्री कुमार प्रणय, पूर्व विधायक श्री राजीव सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री अरुण पोद्दार, श्री आनंद किशोर, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, पुलिस महानिदेशक, ऑपरेशन श्री कुंदन कृष्णन, मुंगेर प्रमंडल के आयुक्त श्री प्रेम सिंह मीणा, मुंगेर प्रक्षेत्र के पुलिस उप–महानिरीक्षक श्री राकेश कुमार, जिलाधिकारी श्री निखिल धनराज निप्पनिकर, पुलिस अधीक्षक श्री सैयद इमरान मसूद सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

******